प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 01.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित हुई है। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर और अन्य मुद्दों पर हंगामा किया। इस कारण सदन की कार्यवाही पहले दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। दो बजे के बाद फिर से सदन की कार्यवाही शुरु होने पर भी विपक्ष का शोरगुल जारी रहा। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही कल दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

****

सत्र शुरु होने से पहले सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति आज उल्लेखनीय ऊंचाइयों को छू रही है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम के बहरागोरा निवासी मो. शमीम अहमद का शव मॉरीशश स्वदेश लाने की औपचारिकता जिले के उपायुक्त को पूरी करने का आदेश दिया है। पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी द्वारा सोशल मीडिया पर उठाये गये इस मुद्दे के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पर संज्ञान लेते हुए यह आदेश दिया।

****

हजारीबाग मेरु स्थित बीएसएफ केंद्र में बीएसएफ आज अपना 61 वां स्थापना दिवस मना रहा है। देश की सुरक्षा में बीएसएफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

****

चतरा जिला स्वक्षता, पर्यावरण और हरित विकास की दिशा में एक नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। चतरा नगर परिषद द्वारा शहर से सटे गेरुआ गांव में तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रबंधन प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। नगर परिषद के सिटी मैनेजर रोहित गुड़िया ने बताया कि 1 एकड़ भूमि पर 5 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह आधुनिक मॉडल प्लांट पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक ठोस पहल साबित होगा।

****

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले के टोंटो थाना क्षेत्र में विगत 29 नवंबर को हुई पारा टीचर की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में बताया है कि घटना के दिन पारा शिक्षक मुकुरु देवगम की टोंटो बाजार में कुछ लोगों से झड़प हो गई थी। इसके बाद उन लोगों ने लाठी डंडे से पीट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने एक टीम गठित कर अपराध को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया और केंजरा गांव से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

****

हजारीबाग खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन ने पूर्णापानी और चुरचू स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया मिलावटी पनीर एवं मक्खन निर्माण की पुष्टि हुई। निरीक्षण के क्रम में संदिग्ध पनीर एवं मक्खन के नमूने संग्रहित कर राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है। एक क्विंटल से अधिक मिलावटी पनीर, 40 लीटर मक्खन, तथा 10 किलो मक्का स्टार्च जब्त किये गये हैं। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आरोपी प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है।

****

जमशेदपुर के भुइयाँडीह और अन्य इलाकों में सड़क चौड़ीकरण अभियान के दौरान दर्जनों घरों और दुकानों को तोड़े जाने के खिलाफ अब राजनीतिक दल भी मुखर हो गए हैं। इसी क्रम में जनता दल यूनाइटेड की जिला इकाई ने आज जिला मुख्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनका विरोध सड़क चौड़ीकरण से नहीं, बल्कि इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया से है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत रापचा से हरीसुंदरपुर लेदमाडीह मार्ग पर आज सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मृतक की पहचान चंपाईडीह निवासी सोम हेंब्रम के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, बीती रात सोम हेंब्रम फुटबॉल खेल देखने गया था। आशंका जताई जा रही है कि देर रात घर लौटते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, जिससे उनकी मौत हो गई। घटनास्थल से पुलिस को मृतक की बाइक भी क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली है।

*********समाप्त**********